स्वास्थ्य पर जेब से होने वाले खर्च में कमी

स्रोत: BS

हाल ही में, **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय** द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा (NHA) अनुमान **2021-22** जारी किया गया, जिसके अनुसार सत्र 2021-22 में कुल स्वास्थ्य व्यय (Total Health Expenditure- THE) में आउट-ऑफ-पॉकेट व्यय (OOPE) घटकर **39.4%** रह गया, जो सत्र 2017-18 में **48.8%** था।

- यह वित्तीय सत्र 2025-26 तक **OOPE को THE के 35% तक कम** करने के **सरकार के उद्देश्य के अनुरूप** है।
- **OOPE में गिरावट के कारण:**
    - **THE** में **सरकार की हिस्सेदारी** 40.8% से **बढ़कर 48%** हो गई।
    - आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने स्वास्थ्य कवरेज तक व्यापक पहुँच को सुगम बनाया है।
    - **निजी स्वास्थ्य बीमा कवरेज में** वृद्धि हुई जो सत्र 2017-18 में **5.8% से बढ़कर 2021-22 में 7.4%** हो गई।
- **स्वास्थ्य व्यय में रुझान:**
    - स्वास्थ्य के लिये सामाजिक सुरक्षा व्यय **सत्र 2017-18 में 9%** से घटकर सत्र **2021-22 में 8.7%** हो गया।
    - सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में **सरकारी स्वास्थ्य व्यय सत्र 2017-18 में 1.35% से बढ़कर 2021-22 में 1.84%** हो गया। (लक्ष्य: वर्ष 2025 तक सकल घरेलू उत्पाद का 2.5%)
    - सत्र 2017-18 और सत्र 2021-22 के दौरान **प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य व्यय** लगभग दोगुना हो गया।
- **NHA अनुमान** एक वार्षिक प्रकाशन है जो भारत में **स्वास्थ्य देखभाल व्यय** का **अनुमान प्रदान** करता है।
    - इसमें बताया गया है कि **भारत की स्वास्थ्य सेवा तंत्र में धन का प्रवाह किस प्रकार** होता है, इसे किस प्रकार खर्च किया जाता है, स्वास्थ्य सेवा कैसे प्रदान की जाती है, तथा किस प्रकार की सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।
    - आधारित – **'स्वास्थ्य लेखा प्रणाली (SHA), 2011'** (**WHO** द्वारा)।
    - प्रकाशितकर्त्ता – **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC)**।





//

और पढ़ें: आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/decline-in-out-of-pocket-health-spending